बनकटी बस्ती

संयुक्त परिवालय [illegible]
लखनऊ–227132

संख्या–[illegible] 2913 / [illegible]
दिनांक 19–12–05

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलसचिव,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर (उ०प्र०)।

महोदय,

आपके पत्रांक–५००–०१ / सम्बद्धता / २००५ दिनांक ०८–९–२००५ के संदर्भ में मुझे आपको यह कहने का निदेश हुआ है कि महामहिम कुलाधिपति महोदय ने उ०प्र० राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–१९७३ की धारा–३७(२) के " परन्तुक " के अधीन सूर्य बख्श पाल स्मारक महाविद्यालय बनकटी, बस्ती को स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी एवं समाजशास्त्र विषयों में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित शर्तों के अधीन दिनांक ०१–०७–२००५ से आगामी दो वर्षों हेतु सम्बद्धता की स्वीकृति सहर्ष प्रदान कर दी है:–

१– महाविद्यालय निरीक्षण आख्या एवं प्रपत्र "बी" में इंगित समस्त कमियों को पूर्ण कर लेगा अन्यथा अगले शैक्षिक वर्ष में छात्रों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।

२– महाविद्यालय व्दारा प्रस्तावित विषयों के प्रवक्ताओं / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियमानुसार नियुक्ति कर उस पर विश्वविद्यालय का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जायेगा।

३– महाविद्यालय द्वारा भूमि की संयुक्तता का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

४– महाविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग व्दारा जारी शासनादेश संख्या–२८५५ / सत्तर–२–२००३–१६ (६२) / २००२, दिनांक २ जुलाई २००३ में उल्लिखित दिशा–निर्देशों एवं समय–समय पर इस विषय में निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी।

५– यदि महाविद्यालय व्दारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली / अध्यादेशों में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय व्दारा निर्धारित शर्तों एवं मानकों की पूर्णता एवं उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नही किया जायेगा तो उ०प्र० राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–१९७३ के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत् महाविद्यालय को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।

महाविद्यालय उपर्युक्त समस्त कमियों को *आगामी ३१–१२–२००५ तक* पूर्ण कर लेगा।

भवदीय,

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

१– सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
२– निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद।
३– प्रबन्धक / सचिव, सूर्य बख्श पाल स्मारक महाविद्यालय बनकटी, बस्ती।

(हरी चरन प्रकाश)
कुलाधिपति के विशेष सचिव